हरिभूमि
हिसार भूमि
रोहतक, रविवार 25 जनवरी 2026

तापमान

अधिकतम 17 .0 डिग्री
न्यूनतम 5 .0 डिग्री

14 राजकीय कॉलेज में मनाया जाएगा जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह

14 पुलिस ने गुम हुए 56 मोबाइल फोन बरामद कर किए मालिकों के हवाले

खबर संक्षेप

सीएम सैनी के जन्मदिवस पर आज बांटे जाएंगे फल

हिसार। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का जन्मदिवस 25 जनवरी को पूरे प्रदेश में उत्साह के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर मोहल्ला सैनियान नजदीक राम दरबार मंदिर धोला कुआं पर सुबह 10 बजे हवन यज्ञ किया जाएगा जिसमें मुख्यमंत्री के दीर्घायु, स्वस्थ, सुखी जीवन व उज्ज्वल भविष्य की मामना की जाएगी तथा हरियाणा की समृद्धि व खुशहाली के लिए परमात्मा से प्रार्थना की जाएगी। कार्यक्रम के आयोजक अजीत सैनी ने बताया कि यह कार्यक्रम सर्व समाज के सहयोग से किया जा रहा है।

सीएम सैनी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में हवन आज

हिसार। मुख्यमंत्री के जन्मदिन के उपलक्ष्य में जिला उपाध्यक्ष संजीव रेवड़ी के कार्यालय में रविवार को हवन किया जाएगा। इस अवसर पर अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहेंगे। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सपड़ा ने बताया कि जिला उपाध्यक्ष संजीव रेवड़ी के मॉडल टाउन स्थित कार्यालय में रविवार सुबह 9.30 बजे हवन का कार्यक्रम रखा गया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में आयोजित हवन में पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मुख्यमंत्री की लंबी आयु व प्रदेश की सुख समृद्धि की कामना करेंगे।

दिव्यांग केंद्र में 20 बुजुर्गों के हुए फ्री नेत्र ऑपरेशन

हिसार। बिजली निगम के सहयोग से दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में चौथे चरण का निशुल्क नेत्र ऑपरेशन शिविर सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस शिविर में 20 बुजुर्गों की आंखों के सफेद मोतियाबिंद का ऑपरेशन करके नेत्र ज्योति प्रदान की गई। इसके साथ ही यथासंभव दवाइयां भी निशुल्क उपलब्ध करवाई गई। इसी श्रृंखला में अब 28 जनवरी को पांचवें चरण का निःशुल्क नेत्र ऑपरेशन शिविर लगाया जाएगा। शिविर के लिए निशुल्क पंजीकरण दिव्यांग केंद्र में करवाया जा सकता है।

कुम्हार धर्मशाला में रक्तदान महोत्सव कल

हिसार। कुम्हार धर्मार्थ ट्रस्ट भवन, विजय नगर के संस्थापक व पूर्व सैनिक स्व. रमेश चंद जलन्धरा की नौवीं पुण्यातिथि पर 26 जनवरी को रक्तदान महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। ट्रस्ट के प्रधान राधेश्याम जलन्धरा ने बताया कि कुम्हार धर्मार्थ ट्रस्ट भवन में नागरिक अस्पताल से डॉक्टरों व कर्मचारियों की टीम आएगी जो आने वाले रक्तदाताओं से रक्त एकत्रित करेगी। उन्होंने बताया कि 100 यूनिट एकत्र करने का लक्ष्य रखा गया है। ट्रस्ट के प्रधान राधेश्याम जलन्धरा ने बताया कि रक्तदाताओं को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया जाएगा।

अव्यवस्थित तरीके से हो रहे कार्य से अर्बन एस्टेट में आवागमन प्रभावित

अर्बन एस्टेट में स्टॉर्म वाटर लाइन डालने के कार्य सुस्त की चाल बनी आफत

कामकाज ठप होने से लोगों को उठानी पड़ रही परेशानियां

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

मानसून सीजन में जलभराव की समस्या से निजात दिलाने के लिए अर्बन एस्टेट-2 में नगर निगम की एक एजेंसी द्वारा डाली जा रही स्टॉर्म वाटर लाइन क्षेत्रवासियों के लिए बड़ी आफत बन गई है। इस कार्य के लिए अर्बन एस्टेट की मुख्य सड़कों तथा गलियों को ज ग ह - ज ग ह खोदा दिया गया है। एक गली का काम पूरा होने से पहले ही दूसरी जगह पर सड़क को खोदा जा रहा है जिसके कारण लोगों को भारी दिक्कत उठानी पड़ रही है। काम अ व्य व स्थि त तथा धीमी गति से किए जाने को लेकर भी लोगों में नाराजगी है। उधर, शुक्रवार को हुई बारिश ने क्षेत्रवासियों की मुश्किलें और बढ़ा दी है। अर्बन एस्टेट की गलियों कीचड़ में तब्दील हो चुकी है। कुछ स्थानों पर पाइप लाइन डालकर उन्हें कवर भी कर दिया गया है, लेकिन मिट्टी की भरती सही नहीं होने के कारण सड़क कई स्थानों पर धंस गई है। इसके अलावा स्टॉर्म वाटर लाइन डालने के कार्य के दौरान कई स्थानों पर पेयजल लाइन भी क्षतिग्रस्त हो चुकी है जिसके कारण संबंधित एरिया में पेयजल पानी की सप्लाई पर भी असर पड़ा है। जिन सड़कों पर आवागमन बंद है, वहां के दुकानदारों का काम ठप हो हुआ है। उधर, एजेंसी संचालक सुभाष चंद का कहना है कि स्टार्म वॉटर लाइन डालने के कारण क्षेत्रवासियों को हो रही दिक्कतों को दूर किया जाएगा तथा लाइन डालने के कार्य को समय रहते सुव्यवस्थित तरीके से पूरा कराया जाएगा। बता दें कि अर्बन एस्टेट में स्टॉर्म वाटर लाइन डालने का कार्य नगर निगम की एजेंसी द्वारा किया जा रहा है। इस पूरे कार्य पर करीब 10 करोड़ की लागत आएगी। अर्बन एस्टेट के लोगों कई दशकों से मानसून सीजन में जलभराव की समस्या झेल रहे हैं। उम्मीद की जा रही है कि स्टॉर्म वाटर लाइन डालने के बाद इस बार के मानसून सीजन में क्षेत्रवासियों को जलभराव की समस्या से निजात मिलेगी।

- स्टॉर्म वाटर लाइन डालने के कार्य के दौरान कुछ एरिया में पेयजल लाइन क्षतिग्रस्त
- अर्बन एस्टेट में जलभराव की समस्या से निजात दिलाने के लिए डाली जा रही स्टॉर्म वाटर लाइन

हिसार। अर्बन एस्टेट में गड्ढा खोदने से आवागमन बंद व क्षतिग्रस्त पेयजल लाइन। *फोटो: हरिभूमि*

एनवाईपीसी की तरफ जाने वाली सड़क पर आवागमन बंद

सांसद कुमारी सैलजा के आवास के पास से न्यू यशोदा पब्लिक स्कूल की तरफ जाने वाली अर्बन एस्टेट की मुख्य सड़क के बीचों बीच स्टॉर्म वाटर लाइन डालने का कार्य कर रही नगर निगम की एजेंसी ने बड़ा गड्ढा करके छोड़ दिया गया। ऐसे में वहां से आवागमन बंद हो चुका है। सबसे ज्यादा परेशानी स्कूल जाने वाले विद्यार्थियों को उठानी पड़ी रही है।

गड्ढा खोदकर छोड़ दिया, रास्ता प्रभावित

डाबड़ा चौक से एनवाईपीएस स्कूल की तरफ जाने वाली मुख्य सड़क पर किरयाणा की दुकान करने वाले फूल सिंह ने बताया कि स्टॉर्म वाटर लाइन डालने के कार्य करने की बड़ी सुस्त चाल है। पिछले एक पखवाड़े से सड़क के बीच में गड्ढा खोकर छोड़ दिया गया। इसके कारण यहां से आवागमन बंद है। उनकी दुकान पर कोई सामान लेने नहीं आता। कामकाज ठप्प होने से दिन-प्रतिदिन हालात खराब होते जा रहे हैं।

ठेकेदार का संतोषजनक जवाब नहीं

अर्बन एस्टेट निवासी प्रवीन कुमार ने बताया कि स्टॉर्म वाटर लाइन डालने का कार्य जिस एजेंसी को दिया गया है, उसने एरिया की सड़कों और गलियों को अव्यवस्थित तरीके से खोदा गया, जिसके कारण लोगों का आवागमन करना दूभर हो गया है। उन्होंने बताया कि उनके घर के सामने एजेंसी ने करीब 10-12 दिन पहले गड्ढा खोदा था, जिसे आज तक ठीक नहीं किया गया। लंबे समय तक गड्ढा खोदने तथा वहां पर शुक्रवार की बारिश के बाद जलभराव होने से पेयजल लाइन भी खिसक कर क्षतिग्रस्त हो गई। इस बारे में एजेंसी के ठेकेदार को भी बुलाकर मामले से अवगत कराया, लेकिन उसने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया।

आए दिन इन गड्ढों में गिरकर लोग हो रहे चोटिल

दुकानदार नरेश कुमार ने बताया कि अर्बन एस्टेट में स्टॉर्म वाटर लाइन डालने के नाम पर जगह-जगह खाई खोदकर छोड़ दी है। आए दिन इन गड्ढों में गिरकर लोग चोटिल हो रहे है। जहां गलियों में स्टॉर्म वाटर लाइन डालने का काम पूरा हो चुका है, उन्हें ठीक से भरा भी नहीं गया। जगह-जगह मिट्टी के ढेर लगे पड़े है। उन्हें न उठाया जा रहा है और न उन्हें समतल किया जा रहा है। जहां से गड्ढे खोद गए है, वहां पर चेतावनी के लिए कोई साइन बोर्ड भी नहीं लगाया गया।

हिसार। चयनित विद्यार्थियों के साथ अधिकारीगण। *फोटो: हरिभूमि*

गुजवि के जॉब फेयर में 143 छात्रों का हुआ चयन

- शिक्षा और उद्योग के बीच की दूरी को पाटने में मदद करते जॉब फेयर : कुलपति

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग और प्लेसमेंट सेल ने कोलकाता की अनुदीप फाउंडेशन के सहयोग से 'कैरियर वर्स 2026' नामक तीन दिवसीय मिनी जॉब फेयर एवं प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित किया। उद्घाटन समारोह चौधरी रणबीर सिंह ऑडिटोरियम, सेमिनार हॉल-1 में आयोजित किया गया, जबकि साक्षात्कार पीडीयूसीआईसी और पीडीयूआईआईसी में संपन्न हुए। इस कार्यक्रम में 16 कंपनियों ने भाग लिया, जिनमें एचडीबी फाइनेंस, आरके बिज़नेस ग्रुप, बजाज कैपिटल इंश्योरेंस ब्रोकिंग लिमिटेड, फिडूसिव टेक प्राइवेट लिमिटेड, बोल, टेक्नोलॉजीज, नेक्स्ट मूव इंडिया, रिक्रूट सीआरएम, कोडयंग, मित्जवाह इंजीनियरिंग इंडिया लिमिटेड, स्केलर, आईक्यूआईगाई, सिस्टमाइंड, हेंस डिजिटल टेलीमैटिक्स, और पीपल स्टाफिंग सॉल्यूशंस शामिल रही।

46 छात्रों का चयन

प्लेसमेंट निदेशक डॉ. प्रताप सिंह ने बताया कि पुष्टि किए गए अंतिम चयन में कुल 46 छात्रों को एचडीबी फाइनेंस, आरके बिजनेस ग्रुप, मित्जवाह इंजीनियरिंग इंडिया लिमिटेड, और फिडूसिव टेक प्राइवेट लिमिटेड में पोजीशन या इंटर्नशिप के अवसर दिए गए, और कुल 97 छात्रों को बजाज कैपिटल, बोल, टेक्नोलॉजीज, और रिक्रूट सीआरएम की अंतिम राउंड के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया। उन्होंने बताया कि शेष कंपनियों की वर्चुअल प्रक्रियाओं की ड्राइव पहले ही शुरू हो गई है, और इसके परिणाम जल्द ही घोषित होने की उम्मीद है।

रेलवे स्टेशन के बाहर चाकू के बल पर छीनाझपटी करने के दो आरोपी काबू

हिसार। अर्बन एस्टेट पुलिस ने रेलवे स्टेशन के बाहर हुई वारदात का सफलतापूर्वक खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि इस संबंध में शिकायतकर्ता संजय कुमार ने 22 जनवरी को शिकायत दी थी। शिकायत के अनुसार वह 9 जनवरी को देर रात रेलवे स्टेशन हिसार पहुंचा था। स्टेशन के बाहर आग तापते समय तीन युवकों ने उसे चाकू के बल पर डरा-धमकाकर उसका मोबाइल फोन व नकदी लूट लिए तथा मोबाइल में चल रहे फोन-पे एप के माध्यम से जबरन 13 हजार रुपये की राशि ट्रांसफर करवा ली। मामले की गंभीरता को देखते हुए अर्बन एस्टेट थाना में केस दर्ज करके जांच करते हुए पुलिस ने फतेहाबाद की भाटिया कॉलोनी निवासी सागर उर्फ बूटी व फतेहाबाद के आजाद नगर निवासी शंकर लाल उर्फ दादा को गिरफ्तार किया है। जांच अधिकारी एएसआई रामजीलाल ने बताया कि उक्त आरोपी अपने एक अन्य साथी के साथ हरिद्वार से हिसार आए थे और रेलवे स्टेशन के बाहर आग ताप रहे थे।

अर्पित ने आर्चरी में दिखाया दमखम

- खुली गाड़ी में सवार करके ढोल नगाड़ों के साथ विजेता खिलाड़ी अर्पित का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭बरवाला

मणिपुर में आयोजित 69वी नेशनल स्कूल गेम्स चैंपियनशिप में दयानंद पब्लिक स्कूल, बरवाला के खिलाड़ी अर्पित ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अंडर-19 आर्चरी मिक्स टीम में ब्रॉन्ज मेडल व एलिमिनेशन राउंड में सिल्वर मेडल जीतकर स्कूल एवं माता-पिता का नाम गौरवान्वित किया। स्कूल के मैनेजर संदीप भनवाला व कॉर्डिनेटर नरेश भ्याण ने बताया कि विजेता खिलाड़ी को बरवाला जींद बाईपास से खुली गाड़ी में सवार करके बस स्टैंड से होते हुए ढोल नगाड़ों के साथ फूलों की बौछार करते हुए मॉडल टाऊन स्थित दयानंद स्कूल द्वारा आयोजित सम्मान समारोह कार्यक्रम में लाया गया। जहां पर कार्यक्रम की अध्यक्षता वार्ड 12 के पार्षद प्रतिनिधि ऋषि पंघाल ने की जबकि मुख्य अतिथि के रूप में नगरपालिका बरवाला के चेयरमैन रमेश बैटरीवाला ने शिरकत की और विशिष्ट अतिथि हरियाणा प्राइवेट स्कूल संघ के जिला अध्यक्ष प्रदीप पूनिया रहे। विजेता खिलाड़ी अर्पित और कोच अमित का फूलों की मालाओं के साथ बच्चों एवं स्टाफ सदस्यों ने जोरदार स्वागत किया गया।

बरवाला। विजेता खिलाड़ी अर्पित का स्वागत करते नगरपालिका चेयरमैन, पार्षद, डायरेक्टर व अन्य। *फोटो: हरिभूमि*

बच्चों को नशे से दूर रहने की दी सलाह

मुख्य अतिथि रमेश बैटरीवाला ने विजेता खिलाड़ी व कोच को सम्मानित किया और कहा कि यह उपलब्धि न केवल स्कूल बल्कि बरवाला के साथ साथ पूरे प्रदेश के लिए गर्व की बात है। उन्होंने बच्चों को खेलो में हिस्सा लेने व नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। मंच का संचालन नरेश भ्याण ने किया। स्कूल डायरेक्टर सत्यवान कुंडू व प्रिंसिपल सीमा भनवाला ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर पार्षद संजय भादड, पार्षद राधेश्याम, कँवरलाल कुंडू , राजेश, दलबीर, रणबीर व नरेंद्र आदि उपस्थित रहे।

फोन-पे के जरिए धोखाधड़ी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

हिसार। पीएलए चौकी पुलिस ने फोन-पे के माध्यम से धोखाधड़ी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। चौकी प्रभारी एएसआई अनूप ने बताया कि इस संबंध में पटेल नगर की 8 मरला कॉलोनी निवासी सतीश कुमार ने शिकायत दी थी कि वह पटेल नगर में पाहवा गारमेंट्स के नाम से दुकान करता है। मामले के अनुसार 24 दिसंबर को शाम लगभग 7:50 बजे एक अज्ञात युवक उसकी दुकान पर आया और जैकेट खरीदने के बहाने 6 हजार की फोन-पे पेमेंट का फर्जी मैसेज दिखाकर उससे नकद राशि लेकर फरार हो गया। बाद में खाता चेक करने पर राशि जमा नहीं पाई गई। शिकायत पर जांच करते हुए पुलिस ने केस दर्ज करके जांच करते हुए आरोपी सातरोड खास निवासी हर्ष कुमार उर्फ बंटी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 5 हजार रुपये नकद एवं जैकेट बरामद की है। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

पूर्व विधायक परिवार हत्याकांड मामला एक बार फिर सुर्खियों में

- बेटी व दामाद की समय पूर्व रिहाई के खिलाफ विशेष अनुमति याचिका दायर

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

पूर्व विधायक रेलूराम पूनिया परिवार हत्याकांड मामला एक बार फिर सुर्खियों में है। कुछ दिन पहले हत्याकांड में दोषसिद्ध अभियुक्तों सोनिया व संजीव को दी गई अंतरिम जमानत एवं उनकी समय पूर्व रिहाई से संबंधित आदेशों के खिलाफ उच्चतम न्यायालय में विशेष अनुमति याचिका दायर की गई है। रेलूराम के परिवार की तरफ से यह याचिका सुप्रीम कोर्ट की अधिवक्ता आइना वर्मा की तरफ से दायर की गई है।

पीड़ित पक्ष के अधिवक्ता लाल बहादुर खोवाल ने बताया कि याचिका में पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के 9 दिसंबर 2025 के आदेश को चुनौती दी गई है। उक्त आदेश के तहत दोषसिद्ध अभियुक्तों को दो महीने की अंतरिम जमानत दी गई थी तथा उनकी समयपूर्व रिहाई के मामले में स्टेट लेवल कमेटी को पुनर्विचार करने के निर्देश दिए गए थे। इस याचिका पर 27 जनवरी को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होगी।

याचिका का मुख्य उद्देश्य यह है कि एक ऐसे जघन्य एवं पूर्व-नियोजित अपराध में जिसमें 24 अगस्त 2001 की रात को पूर्व विधायक रेलूराम पूनिया सहित उनके परिवार के डेढ़ महीने की बच्ची समेत आठ सदस्यों की निर्मम हत्या कर दी गई थी। दोषसिद्ध अभियुक्तों को अंतरिम राहत देना विधि, सार्वजनिक सुरक्षा और न्याय के स्थापित सिद्धांतों के विपरीत है। इस मामले में अभियुक्तों को दी गई मृत्युदंड की सजा को केवल दया याचिका में विलंब के आधार पर आजीवन कारावास में परिवर्तित किया गया था, न कि अपराध की गंभीरता या दोषसिद्धि पर किसी संदेह के कारण।

इसमें राज्य सरकार और स्टेट लेवल कमेटी ने दोषसिद्ध अभियुक्तों के जेल आचरण, निरंतर आपराधिक प्रवृत्ति और समाज के लिए संभावित खतरे को देखते हुए उनकी समयपूर्व रिहाई को विधिवत और कारणयुक्त आदेश अस्वीकार किया था।

अंतरिम जमानत पर सुरक्षा का खतरा

लाल बहादुर खोवाल के अनुसार अंतरिम जमानत आदेश के बाद पूर्व विधायक रेलूराम पूनिया के परिजन सुप्रीम कोर्ट में याचिकाकर्ता जितेंद्र पूनिया, सतपाल पूनिया, कौशल पूनिया, कमल पूनिया और उनके अन्य को गंभीर सुरक्षा का खतरा उत्पन्न हो गया है। याचिका में मांग की गई है कि इस प्रकार के जघन्य अपराधों में दोषसिद्ध व्यक्तियों को अस्थायी राहत देना न केवल पीड़ित पक्ष के जीवन और सुरक्षा के अधिकारों का उल्लंघन है।

हिसार। सफाई अभियान में भाग लेते पंजाबी कल्याण मंच व अखिल भारतीय सेवा संघ के सदस्य। *फोटो: हरिभूमि*

गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में ढींगड़ा स्मृति स्थल पर चलाया सफाई अभियान

हिसार। अखिल भारतीय सेवा संघ व नगर निगम के संयुक्त सहयोग से मदनलाल ढींगड़ा स्मृति स्थल पर शुद्ध जल द्वारा सफाई का महाअभियान चलाया गया। मंच के प्रवक्ता जीसी नारंग ने बताया कि इस बार नगर निगम के ट्रैक्टर द्वारा चलाई गई मोटराइज पानी प्रेशर की मशीन द्वारा पूरे स्थल को साफ-सुथरा व शुद्ध जल द्वारा धुलाई की गइर्। उसके पश्चात अमर शहीद मदनलाल ढींगड़ा की प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया गया। सफाई अभियान में अखिल भारतीय सेवा संघ की तरफ से संजीव राजपाल, सतीश भुटानी, यशपाल अरोड़ा व पंजाबी कल्याण मंच से प्रधान इन्द्र शर्मा, वी.एल. शर्मा, हरीश धमीजा, सुभाष कुकड़ेजा, मदन पपनेजा, डॉक्टर महेंद्र बजाज, राजकुमार सलूजा, भगवान दास, जगदीश नागपाल, डॉ. गुरदीप कुमार व मंच के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

अभियान: राजकीय महाविद्यालय मैदान व उसके आसपास चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था

बिना तलाशी किसी भी व्यक्ति को प्रवेश की अनुमति नहीं

गणतंत्र दिवस को शांतिपूर्वक सम्पन्न करवाने को लेकर पुलिस ने किए कड़े सुरक्षा प्रबंध

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

जिला में गणतंत्र दिवस समारोह को शांतिपूर्वक एवं गरिमामय ढंग से सम्पन्न करवाने के लिए पुलिस ने कड़े सुरक्षा प्रबंध किए हैं। राजकीय महाविद्यालय मैदान में होने वाले समारोह से पूर्व सुरक्षा व्यवस्था के तहत कार्यक्रम स्थल पर सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसके साथ-साथ बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, होटल, ढाबे, धर्मशालाएं, गेस्ट हाउस एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों की गहनता से जांच की जा रही है तथा संदिग्ध व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। गणतंत्र दिवस के दिन राजकीय महाविद्यालय मैदान एवं उसके आसपास चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। आम जनता एवं कलाकारों के प्रवेश के लिए पंचायत भवन की ओर का द्वार निर्धारित किया गया है, जहां पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा। बिना तलाशी किसी भी व्यक्ति को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल को रिजर्व में रखा गया है।

आदमपुर। रेलवे स्टेशन पर गणतंत्र दिवस को लेकर गश्त करते पुलिसकर्मी।

रेलवे पुलिस ने चलाया जांच अभियान

आदमपुर। रेलवे स्टेशन स्थित रेलवे पुलिस चौकी इंचार्ज के नेतृत्व में सुरक्षा को लेकर जांच अभियान चलाया गया। इसके अंतर्गत यात्रियों के बारे में पूछताछ में जांच की गई की ताकि कोई भी संदिग्ध व्यक्ति कोई अपाराधिक घटना को अंजाम न दे सके तथा समय रहते पकड़ा जाए। रेलवे पुलिस ने लोगों से भी अपील की कि वह किसी भी संदिग्ध व्यक्ति व सामान की तुरंत पुलिस को सूचना दें ताकि कोई घटना घटित नहीं होने पाए। इस मौके पर रेलवे पुलिस के कर्मचारी भी मौजूद रहे।

गणतंत्र दिवस को देखते सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट

हिसार। गणतंत्र दिवस पर सुरक्षा व्यवस्था के मध्य नजर गुप्तचर विभाग व सिक्योरिटी की टीमों द्वारा शहर के होटल में चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान टीमों ने होटल में ठहरने वालों का रिकॉर्ड चैक किया और होटल संचालकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जानकारी के अनुसार गणतंत्र दिवस को लेकर सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह से एक्टिव मोड में आई हुई है। शनिवार की देर शाम गणतंत्र दिवस कार्यक्रम की सुरक्षा की दृष्टि को मध्य नजर जिले भर में होटल तथा धर्मशाला में विशेष चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने जिला के होटलों के संचालकों को हिदायत दी कि होटल में ठहरने के लिए आने वाले प्रत्येक व्यक्ति का सम्पूर्ण पता एवं आईडी प्रूफ अपने होटल के रजिस्टर में सही से इन्द्राज करें। होटल में ठहरने आऐ हुए व्यक्ति की गतिविधियों पर नजर रखे, अगर व्यक्ति संदिग्ध लगता है, तो इसकी सूचना पुलिस कंट्रोल रूम हिसार को नंबर 100, डायल 112 व सम्बन्धित थाना प्रबन्धक अफसर को तुरंत प्रभाव से सूचित करें।

छोटी रकम, पर बड़ी सोच रखें, तैयार कर सकते हैं 25 लाख तक का फंड

सुझाव | बिजनेस डेस्क

मिडिल क्लास की सबसे बड़ी चिंता भविष्य की सुरक्षा होती है। सैलरी आती है, खर्च निकल जाता है और बचत हाथ से फिसल जाती है, लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि रोज की छोटी आदतें आपकी जिंदगी का बड़ा सहारा बन सकती हैं? एक ऐसा तरीका है, जो बिना भारी बोझ के मजबूत फंड बनाने की राह खोलता है। आज के समय में सिर्फ अच्छी नौकरी या ठीक-ठाक कमाई होना ही काफी नहीं है। जितनी तेजी से महंगाई बढ़ रही है, उसी तेजी से पैसे को बढ़ाना भी जरूरी हो गया है। मिडिल क्लास परिवारों के लिए यह चुनौती और भी बड़ी हो जाती है, क्योंकि आमदनी सीमित होती है और जिम्मेदारियां ज्यादा। ऐसे में ज्यादातर लोग सोचते हैं कि बड़ा फंड बनाना उनके बस की बात नहीं है, लेकिन सच्चाई यह है कि सही आदत और सही प्लानिंग से छोटी बचत भी बड़ा कमाल कर सकती है। अगर आप भी सोच रहे हैं कि ज्यादा निवेश के बिना बड़ा फंड कैसे बने, तो जवाब आपकी रोज की छोटी बचत में छिपा है।

हमेशा बड़ी सोच रखो

अक्सर हम यह मान लेते हैं कि निवेश तभी संभव है जब जेब में ढेर सारा पैसा हो। इसी सोच की वजह से लोग निवेश को टालते रहते हैं, लेकिन हकीकत यह है कि बड़ा फंड एक दिन में नहीं बनता, बल्कि रोज के छोटे फैसलों से तैयार होता है। रोज 200 रुपये बचाना कोई भारी बोझ नहीं है। यह रकम हम अक्सर अनजाने में चाय, सिगरेट, फास्ट फूड या ऑनलाइन ऑर्डर में खर्च कर देते हैं। अगर यही 200 रुपये रोज बचाकर भविष्य के लिए लगा दिए जाएं, तो यही छोटी आदत कुछ सालों में आर्थिक आजादी की तरफ ले जा सकती है।

निवेश पहले से कहीं ज्यादा आसान

आज के दौर में निवेश पहले से कहीं ज्यादा आसान हो गया है. म्यूचुअल फंड एसआईपी ने आम आदमी को भी निवेश की ताकत दे दी है. अब निवेश के लिए बड़े चेक या लंबी प्रक्रिया की जरूरत नहीं. आप हर दिन 200 रुपए भी जमा करते हैं तो महीने में 6000 रुपए म्यूचुअल फंड में निवेश कर सकते हैं। इसका फायदा यह है कि आपको निवेश का दबाव महसूस नहीं होता। पैसे धीरे-धीरे कटते रहते हैं और आपको पता भी नहीं चलता कि कब एक अच्छा-खासा फंड तैयार हो गया.

रोज 200 रुपये से 25 लाख कैसे

अब सवाल आता है कि आखिर रोज की इतनी छोटी बचत से 25 लाख रुपये कैसे बन सकते हैं. अगर आप रोज 200 रुपये निवेश करते हैं, तो महीने में लगभग 6,000 रुपये और साल में करीब 72,000 रुपये का निवेश हो जाता है। अगर आप यह निवेश लगातार 14 साल तक करते हैं और औसतन 12 प्रतिशत सालाना रिटर्न मिलता है, तो आपकी कुल जमा रकम करीब 10 लाख रुपये होगी, लेकिन कंपाउंडिंग की वजह से आपके पैसे पर पैसा बनता रहेगा और रिटर्न के रूप में लगभग 15–16 लाख रुपये जुड़ सकते हैं। इस तरह अंत में आपका फंड करीब 25 लाख रुपये तक पहुंच सकता है।

मिडिल क्लास के लिए कितनी फायदेमंद

एसआईपी मिडिल क्लास परिवारों के लिए इसलिए खास है क्योंकि यह उनकी जीवनशैली में आसानी से फिट हो जाती है। लंबी अवधि के लिए निवेश करने से बाजार के उतार-चढ़ाव का असर कम हो जाता है। जब बाजार ऊपर होता है, तो कम यूनिट मिलती हैं और जब बाजार नीचे होता है, तो ज्यादा यूनिट मिल जाती हैं।

निवेश को समय देना है जरूरी

यह समझना बहुत जरूरी है कि म्यूचुअल फंड कोई रातों रात अमीर बनने की स्कीम नहीं है। इसमें समय देना पड़ता है. बीच में बाजार गिर सकता है, लेकिन अगर आप घबराकर निवेश बंद नहीं करते और धैर्य बनाए रखते हैं, तो लंबे समय में इसका फायदा जरूर मिलता है। जैसे-जैसे आपकी आमदनी बढ़े, वैसे-वैसे एसआईपी की रकम बढ़ाना भी एक समझदारी भरा कदम हो सकता है। इससे आपका फंड और तेजी से बढ़ेगा।

निवेश मंत्रा
बिजनेस डेस्क

- चांदी की कीमत इस समय करीब 3,48,647 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) हो गई।
- पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 20,400 बढ़कर 3,23,000 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई थी।

लगातार कुलांचे भर रही है चांदी की कीमतें, आगे क्या रहेगा चांदी का रुख, क्या इसमें निवेश करना सही

चांदी भर रही निवेशकों की झोली, संभलकर करें निवेश

चांदी के भाव में गिरावट को लंबी अवधि के पोर्टफोलियो के लिए खरीदारी का मौका समझना चाहिए। केंद्रीय बैंकों द्वारा चांदी की खरीद, मौद्रिक नीति में नरमी और चांदी की बढ़ती औद्योगिक मांग जैसे कारणों से सोना और चांदी निवेशकों के लिए बहुत महत्वपूर्ण हो गए हैं। वहीं, टाटा म्यूचुअल फंड की एक रिपोर्ट के अनुसार, हाल के महीनों में रिकॉर्ड उछाल के बाद चांदी में अभी भी काफी उतार-चढ़ाव के साथ मजबूती बनी रह सकती है। इसकी वजह मजबूत मांग का अनुमान और सप्लाई में कमी या स्टॉक की कमी है, जो मौजूदा ट्रेंड को बढ़ावा दे रहे हैं।

पिछले कुछ समय से चांदी निवेशकों की पहली पसंद बनती जा रही है। जिस रफ्तार से चांदी की कीमतें बढ़ रही हैं, उसने न सिर्फ बाजार को चौंकाया है, बल्कि निवेशकों के मन में यह सवाल भी खड़ा कर दिया है कि क्या यह तेजी टिकाऊ है या फिर जल्द ही इसमें मुनाफावसूली का दौर शुरू होगा। हालिया आंकड़े बताते हैं कि चांदी ने बेहद कम समय में जबरदस्त उछाल दर्ज किया है, लेकिन हर तेजी के साथ जोखिम भी बढ़ता है। ऐसे में चांदी में निवेश से पहले ठहरकर सोचने की जरूरत है। बीते कारोबारी सत्रों पर नजर डालें तो चांदी की कीमतें थोड़े से उतार चढ़ाव के बाद लगातार कुलाचे भरती दिखाई देती हैं। ताजा भाव के मुताबिक चांदी लगभग 3,48,647 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) के स्तर पर पहुंच गई है। यानी महज तीन से चार कारोबारी दिनों में ही चांदी की कीमतों में 35 हजार रुपये से ज्यादा की उछाल देखने को मिला है। यह तेजी सामान्य नहीं कही जा सकती और इसी वजह से बाजार में चांदी को लेकर उत्साह के साथ-साथ सतर्कता भी बढ़ गई है।

चांदी में क्यों आई है इतनी तेज़ी

चांदी की मौजूदा तेजी के पीछे कई घरेलू और वैश्विक कारण हैं। सबसे बड़ा कारण वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता है। दुनिया के कई हिस्सों में मंदी की आशंका, भू-राजनीतिक तनाव और डॉलर की चाल ने निवेशकों को सुरक्षित निवेश विकल्पों की ओर मोड़ा है। पारंपरिक रूप से सोने के साथ-साथ चांदी भी सुरक्षित निवेश मानी जाती है, लेकिन चांदी की एक खासियत यह है कि इसका औद्योगिक उपयोग भी बड़े पैमाने पर होता है। इलेक्ट्रिक व्हीकल, सोलर पैनल, इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर उद्योग में चांदी की मांग लगातार बढ़ रही है। ग्रीन एनर्जी और क्लीन टेक्नोलॉजी पर वैश्विक फोकस ने चांदी की औद्योगिक मांग को और मजबूत किया है। जब निवेश और उद्योग दोनों तरफ से मांग बढ़ती है, तो कीमतों में तेजी आना स्वाभाविक है। इसके अलावा, अंतरराष्ट्रीय बाजारों में सप्लाई की सीमाएं भी चांदी की कीमतों को सहारा दे रही हैं। खनन लागत बढ़ना, नई खदानों की कमी और उत्पादन में सुस्ती ने सप्लाई-साइड दबाव पैदा किया है। इसका असर भारतीय बाजार में भी साफ दिखाई दे रहा है।

निवेशकों को क्यों हो रहा है बड़ा फायदा

चांदी की तेजी ने खासतौर पर उन निवेशकों को मालामाल किया है जिन्होंने इसमें समय रहते निवेश किया था। बीते एक साल में चांदी आधारित ईटीएफ ने असाधारण रिटर्न दिया है। आंकड़ों के मुताबिक, एक साल में सिल्वर ईटीएफ ने 200% से ज्यादा का रिटर्न दिया है। खासतौर पर यूटीआई सिल्वर ईटीएफ ने पिछले एक साल में करीब 206% का रिटर्न देकर निवेशकों को चौंका दिया है। ईटीएफ के जरिए निवेश करने वालों को न सिर्फ कीमतों में तेजी का फायदा मिला, बल्कि उन्हें भौतिक चांदी रखने की झंझट से भी मुक्ति मिली। यही वजह है कि हाल के महीनों में सिल्वर ईटीएफ में निवेश तेजी से बढ़ा है। छोटे निवेशकों से लेकर बड़े संस्थागत निवेशक तक, सभी की दिलचस्पी चांदी में बढ़ी है।

क्या आगे भी जारी रहेगी चांदी की तेजी

सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या चांदी की यह रैली आगे भी जारी रहेगी या अब इसमें ब्रेक लगेगा। विशेषज्ञों की मानें तो लंबी अवधि में चांदी के फंडामेंटल मजबूत बने हुए हैं। औद्योगिक मांग, ग्रीन एनर्जी ट्रांजिशन और वैश्विक अनिश्चितता जैसे कारक चांदी को सपोर्ट कर सकते हैं। हालांकि, अल्पकाल में इतनी तेज तेजी के बाद करेक्शन की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। जिस तरह से पिछले तीन दिनों में ही 35 हजार रुपये से ज्यादा का उछाल आया है, उससे साफ है कि बाजार कुछ हद तक ओवरबॉट जोन में पहुंच सकता है। अगर वैश्विक संकेत बदले, डॉलर मजबूत हुआ या मुनाफावसूली शुरू हुई, तो चांदी की कीमतों में तेज उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है।

निवेश से पहले किन बातों का रखें ध्यान

चांदी में निवेश करते समय सिर्फ रिटर्न देखकर फैसला करना समझदारी नहीं होगी। सबसे पहले यह समझना जरूरी है कि चांदी सोने की तुलना में कहीं ज्यादा अस्थिर (वोलेटाइल) होती है। इसमें तेजी जितनी तेज होती है, गिरावट भी उतनी ही तीखी हो सकती है। अगर आप नए निवेशक हैं, तो एकमुश्त बड़ी रकम लगाने से बचें। चरणबद्ध तरीके से निवेश करना बेहतर रहेगा। लॉन्ग टर्म निवेशक के तौर पर चांदी को पोर्टफोलियो में एक सीमित हिस्से के रूप में ही रखें। विशेषज्ञ आमतौर पर कुल निवेश का 5–10% से ज्यादा हिस्सा चांदी या अन्य कमोडिटी में न लगाने की सलाह देते हैं। इसके अलावा, निवेश का माध्यम भी सोच-समझकर चुनें। भौतिक चांदी, सिल्वर ईटीएफ, फ्यूचर्स या डिजिटल सिल्वर—हर विकल्प के अपने फायदे और जोखिम हैं।

मुनाफा है, लेकिन सावधानी ज़रूरी

इसमें कोई शक नहीं कि मौजूदा दौर में चांदी ने निवेशकों की झोली भर दी है। कीमतों की तेज रफ्तार और ईटीएफ के शानदार रिटर्न ने इसे चर्चा के केंद्र में ला दिया है। लेकिन बाजार का इतिहास गवाह है कि हर तेज रैली के बाद ठहराव या गिरावट भी आती है। इसलिए चांदी में निवेश करते समय उत्साह के साथ विवेक भी जरूरी है। लंबी अवधि के नजरिये से, सीमित हिस्सेदारी और सही रणनीति के साथ किया गया निवेश फायदेमंद हो सकता है। लेकिन जल्द अमीर बनने की उम्मीद में बिना जोखिम समझे किया गया निवेश भारी नुकसान भी करा सकता है। चांदी चमक जरूर रही है, लेकिन इस चमक के पीछे छिपे जोखिमों को नजरअंदाज करना निवेशकों के लिए महंगा साबित हो सकता है।

योजना बनाकर संयमित तरीके से करना होगा निवेश, भारत में अभी तक कॉपर ईटीएफ या कॉपर म्यूचुअल फंड उपलब्ध नहीं

सोना-चांदी के बाद 'कॉपर' भी बन रहा अगला बड़ा निवेश विकल्प

जानकारी | बिजनेस डेस्क

गोल्ड और सिल्वर की चमक के बीच बेस मेटल कॉपर को निवेशकों ने काफी समय तक नजरअंदाज किया, लेकिन अब इसमें भी तेज उछाल दिख रहा है। लंदन मेटल एक्सचेंज (एलएमई) के आंकड़ों के अनुसार, कॉपर मार्च 2022 के बाद के अपने सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गया है। भारत में भी कॉपर फ्यूचर्स ने बीते एक साल में लगभग 36% की तेजी दिखाई है, जिससे यह सबसे बेहतर प्रदर्शन करने वाली कमोडिटीज में से एक बन गया है।

पिछले कुछ वर्षों में निवेशकों ने देखा है कि कैसे सोना और चांदी ने अनिश्चित बाजार हालात में बेहतर रिटर्न देकर खुद को सुरक्षित निवेश विकल्प के रूप में स्थापित किया। अब इसी कड़ी में एक और कमोडिटी निवेशकों के रडार पर तेजी से उभर रही है वह है कॉपर (तांबा)। शेयर बाजार की मौजूदा सुस्ती और वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच निवेशकों का रुझान एक बार फिर कमोडिटी निवेश की ओर बढ़ रहा है। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या कॉपर अगला बड़ा दांव बन सकता है और क्या रिटेल निवेशक भी इससे मोटी कमाई कर सकते हैं। लेकिन इसके लिए योजना बनाकर संयमित तरीके से निवेश करना होगा। तभी कॉपर में निवेश कर अच्छा रिटर्न पाया जा सकता है। सोना और चांदी के बाद अब निवेशकों की नजर कॉपर (तांबा) पर टिकने लगी है। पिछले एक साल में गोल्ड और सिल्वर ने रिकॉर्ड रिटर्न दिए हैं।

इसलिए बढ़ रहा कॉपर की ओर निवेशकों का झुकाव

कॉपर को अक्सर डॉ. कॉपर कहा जाता है, क्योंकि इसकी मांग वैश्विक आर्थिक गतिविधियों का संकेत देती है। जैसे-जैसे इंडस्ट्री, इंफ्रास्ट्रक्चर और टेक्नोलॉजी सेक्टर में गतिविधियां बढ़ती हैं, कॉपर की खपत भी उसी अनुपात में बढ़ती है। मौजूदा समय में कई ऐसे स्ट्रक्चरल ट्रेंड्स हैं जो कॉपर की कीमतों को लंबी अवधि में मजबूती दे सकते हैं। सबसे बड़ा कारण है ईवी (इलेक्ट्रिक व्हीकल) सेक्टर का विस्तार। एक इलेक्ट्रिक कार में पारंपरिक पेट्रोल-डीजल कार की तुलना में लगभग तीन से चार गुना ज्यादा कॉपर इस्तेमाल होता है। बैटरी, मोटर, चार्जिंग सिस्टम और वायरिंग हर जगह कॉपर की अहम भूमिका है। दुनिया भर में ईवी को बढ़ावा देने के लिए सरकारें नीतियां बना रही हैं, जिससे आने वाले वर्षों में कॉपर की मांग लगातार बढ़ने की उम्मीद है। दूसरा अहम कारण है डेटा सेंटर और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर का तेजी से विस्तार। क्लाउड कंप्यूटिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और 5जी जैसी तकनीकों के कारण बड़े पैमाने पर डेटा सेंटर्स बनाए जा रहे हैं। इन डेटा सेंटर्स में बिजली की खपत और केबलिंग के लिए भारी मात्रा में कॉपर की जरूरत होती है। इसके अलावा डिफेंस और रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर भी कॉपर की मांग को मजबूत कर रहे हैं। सोलर पैनल, विंड टर्बाइन और इलेक्ट्रिक ग्रिड के आधुनिकीकरण में कॉपर एक प्रमुख कच्चा माल है। वैश्विक स्तर पर ग्रीन एनर्जी पर जोर के चलते यह मांग लंबे समय तक बनी रह सकती है।

सप्लाई की चुनौती: कीमतों को सहारा

कॉपर की तेजी के पीछे सिर्फ मांग ही नहीं, बल्कि सप्लाई से जुड़ी समस्याएं भी बड़ा कारण हैं। दुनिया की कई प्रमुख कॉपर माइंस पुराने चरण में पहुंच चुकी हैं, जहां उत्पादन बढ़ाना आसान नहीं है। नई माइंस विकसित करने में पर्यावरणीय नियम, लंबी मंजूरी प्रक्रिया और भारी लागत बड़ी बाधा बन रहे हैं। इसके अलावा कुछ प्रमुख उत्पादक देशों में राजनीतिक और श्रम संबंधी अनिश्चितताएं भी सप्लाई को प्रभावित करती हैं। सीमित सप्लाई और बढ़ती मांग का यह असंतुलन कॉपर की कीमतों को लंबी अवधि में मजबूती दे सकता है।

भारत में निवेश के विकल्प क्या हैं

फिलहाल भारत में कॉपर ईटीएफ या कॉपर आधारित म्यूचुअल फंड उपलब्ध नहीं हैं, जो रिटेल निवेशकों के लिए एक बड़ी चुनौती है। हालांकि, इसके बावजूद निवेश के कुछ रास्ते मौजूद हैं। पहला विकल्प है कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) के जरिए कॉपर फ्यूचर्स में निवेश, लेकिन यह विकल्प केवल उन्हीं निवेशकों के लिए उपयुक्त है, जिन्हें कमोडिटी बाजार की अच्छी समझ हो, क्योंकि इसमें वोलैटिलिटी और लीवरेज का जोखिम ज्यादा होता है। दूसरा विकल्प है कॉपर से जुड़ी कंपनियों के शेयरों में निवेश। भारत और विदेशों में कई ऐसी माइनिंग, मेटल और केबल निर्माण कंपनियां हैं, जिनका बिजनेस सीधे तौर पर कॉपर की कीमतों से जुड़ा है। हालांकि, इसमें कंपनी-विशेष के जोखिम भी जुड़े होते हैं। तीसरा रास्ता है डायवर्सिफाइड कमोडिटी या इंटरनेशनल फंड्स, जो अप्रत्यक्ष रूप से बेस मेटल्स या ग्लोबल कमोडिटी मार्केट में निवेश करते हैं। हालांकि, इनमें कॉपर का एक्सपोजर सीमित हो सकता है। कॉपर में निवेश को लेकर उत्साह के साथ-साथ संयम भी जरूरी है। यह एक साइकलिकल कमोडिटी है, जिसकी कीमतें वैश्विक आर्थिक हालात से तेजी से प्रभावित होती हैं। इसलिए निवेशकों को चाहिए कि वे इसे पोर्टफोलियो का छोटा हिस्सा बनाएं, न कि पूरा दांव इसी पर लगा दें। चरणबद्ध निवेश, लंबी अवधि का नजरिया और जोखिम प्रबंधन बेहद जरूरी है।

5 लाख को 5 साल के लिए ऐसे करें निवेश

बिजनेस डेस्क

अक्सर हम अपनी मेहनत की कमाई का कुछ हिस्सा बचाकर रख लेते हैं। मान लीजिए, आपके पास इस वक्त 5 लाख रुपये पड़े हैं और आपने मन बना लिया है कि अगले 5 साल तक आप इन पैसों को हाथ नहीं लगाएंगे। अब आपके सामने सबसे बड़ी चुनौती यह आती है कि इस पैसे को ऐसी कौन सी जगह निवेश करें, जहां से यह 5 साल बाद एक भारी-भरकम रकम बनकर वापस आए।

निवेश के ये आसान तरीके

बाजार में निवेश के बहुत से रास्ते हैं, लेकिन जब बात सुरक्षा और अच्छे मुनाफे के तालमेल की आती है, तो तीन नाम सबसे पहले जेहन में आते हैं। पहला है सरकारी सुरक्षा वाला एनएससी, दूसरा है बरसों पुराना भरोसा यानी एफडी और तीसरा है आज के दौर का सुपरहिट विकल्प यानी म्यूचुअल फंड लंपसम। समझते हैं कि आपके एक लाख रुपए इन तीनों रास्तों पर चलकर 5 साल में कहां तक पहुंचेंगे। अगर आप ऐसे शख्स हैं जिन्हें रात को सुकून की नींद चाहिए और आप अपने पैसे के साथ रत्ती भर भी रिस्क नहीं लेना चाहते, तो नेशनल सेविंग्स सर्टिफिकेट यानी एनएससी आपके लिए सबसे मजबूत किला है।

कंपाउंड ब्याज देगा बड़ा मुनाफा

आज के समय में एनएससी पर करीब 7.7 प्रतिशत का सालाना कंपाउंड ब्याज मिल रहा है। इसका गणित बहुत सीधा है। अगर आप आज 5 लाख रुपये एनएससी में जमा करते हैं, तो 5 साल का समय पूरा होने पर आपके हाथ में लगभग 7.24 लाख रुपये होंगे, लेकिन इसकी असली खूबी सिर्फ ब्याज नहीं है। एनएससी में निवेश करने पर आपको इनकम टैक्स की धारा 80सी के तहत छूट भी मिलती

फिक्स्ड डिपॉजिट

देश में आज भी निवेश का मतलब एफडी ही समझा जाता है। अगर आप पोस्ट ऑफिस में 5 साल के लिए एफडी करवाते हैं, तो फिलहाल वहां करीब 7.5 प्रतिशत का ब्याज ऑफर किया जा रहा है। वहीं, बैंकों की बात करें, तो यह आंकड़ा थोड़ा कम यानी 6 से 6.5 प्रतिशत के बीच रहता है। चलिए, पोस्ट ऑफिस वाली ऊंची दर को पकड़कर हिसाब लगाते हैं। अगर आप 5 लाख रुपये यहां 5 साल के लिए लॉक कर देते हैं, तो मैच्योरिटी पर आपको करीब 7.26 लाख रुपये मिल सकते हैं। एफडी से मिलने वाला ब्याज टैक्सेबल होता है, यानी आपकी कमाई पर टैक्स की कैंची चल सकती है. साथ ही, महंगाई को देखते हुए इसका असली मुनाफा थोड़ा कम महसूस हो सकता है. फिर भी, इसकी सरलता और लिक्विडिटी इसे आज भी लोकप्रिय बनाए हुए है.

म्यूचुअल फंड लंपसम

अब बात करते हैं उस विकल्प की, जिसने पिछले कुछ सालों में निवेशकों को सबसे ज्यादा आकर्षित किया है। यह है म्यूचुअल फंड में लंपसम निवेश। लंपसम का मतलब है कि आपने अपनी पूरी रकम एक ही बार में किसी फंड में डाल दी। अगर आप थोड़ा सा जोखिम उठाने का जिगरा रखते हैं, तो इक्विटी म्यूचुअल फंड आपको मालामाल कर सकता है।

यह निवेश करने का आसान और सबसे लोकप्रिय तरीका, छोटी-छोटी गलतियां करवा सकती हैं करोड़ों रुपये का नुकसान

संयम और प्लानिंग के साथ शुरू करें एसआईपी

एसआईपी शुरू या बंद करने से पहले जान लें कुछ अहम बातें, वरना हो सकता है नुकसान!

सलाह | बिजनेस डेस्क

आज के समय में एसआईपी (सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान) निवेश का सबसे आसान और लोकप्रिय तरीका बन चुका है। नौकरीपेशा लोग हों या छोटे व्यापारी, हर कोई महीने की थोड़ी-सी बचत से बड़ा फंड बनाने का सपना देखता है। लेकिन यह समझना बेहद जरूरी है कि एसआईपी जितना आसान दिखता है, उतना ही जोखिम भरा भी हो सकता है, अगर इसे सही समझ और योजना के बिना शुरू या बंद किया जाए। छोटी-छोटी गलतियां लंबे समय में लाखों नहीं, बल्कि करोड़ों रुपये तक का नुकसान करवा सकती हैं। एसआईपी की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसमें एकमुश्त बड़ी रकम लगाने की जरूरत नहीं होती। हर महीने तय राशि अपने आप म्यूचुअल फंड में निवेश हो जाती है। बाजार गिरता है तो उसी रकम में ज्यादा यूनिट्स मिलती हैं और बाजार चढ़ता है तो निवेश की वैल्यू बढ़ती है। इसी वजह से इसे आम निवेशकों के लिए आदर्श माना जाता है। लेकिन कई लोग इसे जोखिम-मुक्त मान लेते हैं, जो सबसे बड़ी भूल है।

एसआईपी जोखिम-मुक्त नहीं, लंबे समय तक टिके रहने में ही फायदा मिलता

तार-चढ़ाव तय

एसआईपी पूरी तरह बाजार से जुड़ा होता है, इसलिए इसमें उतार-चढ़ाव तय है। दिसंबर 2025 में ही निवेशकों ने रिकॉर्ड 31,002 करोड़ रुपये एसआईपी में डाले। लेकिन अक्सर लोग बिना पूरी जानकारी के एसआईपी शुरू कर देते हैं या बीच में रोक देते हैं। आइए जानते हैं वो अहम बातें जो हर निवेशक को समझनी चाहिए

लंबे समय तक टिके रहने में लाभ

सबसे अहम बात यह है कि एसआईपी का असली फायदा लंबे समय तक टिके रहने में ही मिलता है। बहुत से निवेशक बाजार गिरते ही घबरा जाते हैं और एसआईपी बंद कर देते हैं। यही वह समय होता है जब निवेश जारी रखना चाहिए, क्योंकि गिरावट के दौरान खरीदी गई यूनिट्स भविष्य में बाजार सुधरने पर बड़ा रिटर्न देती हैं। बीच में एसआईपी रोक देना या पूरी तरह बंद कर देना कंपाउंडिंग के असर को तोड़ देता है, जिससे संभावित रिटर्न काफी कम हो जाता है।

बिना लक्ष्य निवेश शुरू न करें

एक और आम गलती है बिना लक्ष्य तय किए निवेश शुरू करना। यह जानना जरूरी है कि आप किस उद्देश्य के लिए पैसा लगा रहे हैं—बच्चों की पढ़ाई, घर खरीदना, शादी या रिटायरमेंट। लक्ष्य के अनुसार फंड का चुनाव और निवेश की अवधि तय की जानी चाहिए। इसके अलावा, अपनी आय और खर्चों का सही आकलन किए बिना बड़ी रकम की एसआईपी शुरू करना भी जोखिम भरा हो सकता है। अगर मासिक बजट बिगड़ता है तो मजबूरी में एसआईपी बंद करनी पड़ सकती है। इमरजेंसी फंड की कमी भी निवेशकों को नुकसान की ओर ले जाती है। अचानक मेडिकल या अन्य जरूरी खर्च आने पर लोग एसआईपी तोड़ देते हैं, जिससे न सिर्फ रिटर्न कम होता है बल्कि टैक्स का बोझ भी बढ़ सकता है। इसलिए एसआईपी शुरू करने से पहले कम से कम 6 महीने के खर्च के बराबर इमरजेंसी फंड बनाना बेहद जरूरी है।

निवेश का बेहतरीन जरिया

एसआईपी निवेश का बेहतरीन जरिया है, लेकिन इसे जोखिम-मुक्त समझना भारी पड़ सकता है। सही जानकारी, स्पष्ट लक्ष्य, अनुशासन और धैर्य के साथ किया गया निवेश ही लंबे समय में बड़ा फंड बना सकता है। याद रखें, एसआईपी शुरू या बंद करने से पहले लिया गया हर फैसला आपके भविष्य की आर्थिक स्थिति तय करता है।

एसआईपी जोखिम-मुक्त नहीं है

बहुतों को लगता है कि एसआईपी से जोखिम कम हो जाता है। हकीकत ये है कि एसआईपी सिर्फ निवेश का तरीका है, यह फंड की प्रकृति नहीं बदलता। अगर फंड इक्विटी या डेट मार्केट में है, तो उतार-चढ़ाव का असर एसआईपी पर भी पड़ेगा। सही फंड चुनना और अपने लक्ष्य व जोखिम क्षमता को ध्यान में रखना बेहद जरूरी है। कम राशि से शुरुआत और लचीलापन एसआईपी की सबसे बड़ी खूबी है कि आप सिर्फ 500 रुपये से भी शुरुआत कर सकते हैं। अगर कभी आर्थिक दबाव हो तो किस्त रोक सकते हैं या स्किप कर सकते हैं। यही वजह है कि ये नए निवेशकों और अस्थिर आय वालों के लिए भी उपयुक्त है।

किस्तें मिस करना महंगा

किस्तें मिस करना महंगा पड़ सकता है
अगर आप हर साल सिर्फ एक एसआईपी छोड़ दें, तो 20 साल में करोड़ों का नुकसान हो सकता है।
उदाहरण: 20,000 मासिक एसआईपी 20 साल में 2 करोड़ बन सकती है, लेकिन हर साल एक किस्त छोड़ने से लगभग 40 लाख कम हो जाएंगे।

मार्केट टाइमिंग की जरूरत नहीं

बाजार कब ऊपर जाएगा या नीचे आएगा, ये कोई नहीं बता सकता। एसआईपी का फायदा यही है कि यह अलग-अलग स्तरों पर निवेश फैलाकर जोखिम कम करता है। जो निवेशक मंदी में भी एसआईपी जारी रखते हैं, उन्हें लंबे समय में बेहतर रिटर्न मिलता है।

एसआईपी बढ़ाना देता है दोगुना फायदा

अगर आप हर साल एसआईपी राशि 10% बढ़ाते हैं, तो नतीजे चौंकाने वाले होते हैं। उदाहरण: 5,000 रुपये मासिक एसआईपी 20 साल में 50 लाख बन सकती है, लेकिन हर साल 10% बढ़ाने पर वही एसआईपी लगभग 1 करोड़ एसआईपी तक पहुंच सकती है। एसआईपी कोई जादू नहीं, बल्कि अनुशासन और धैर्य का खेल है। जल्दी शुरू करें, लंबे समय तक टिके रहें, किस्तें मिस न करें और धीरे-धीरे राशि बढ़ाते रहें। तभी एसआईपी आपके लिए असली वेल्थ क्रिएटर साबित होगी।

खबर संक्षेप

आश्रम टीम ने गुमशुदा को परिवार से मिलवाया

हिसार । हमारा प्रयास मंदबुद्धि महिला अनाथ आश्रम ने हसनपुर खुर्जा बुलंदशहर से पिछले करीब सात महीने से अपने परिवार से बिछुड़ी एक महिला को उसके अपनों से मिलवाया। हमारा प्रयास आश्रम की टीम को रेलवे स्टेशन पुलिस के माध्यम से सूचना मिली कि एक महिला जो कि अपने बारे में बता पाने में असमर्थ है। इसके बाद टीम तुरंत प्रभाव से रेस्क्यू कर इस महिला को हमारा प्रयास आश्रम में लाती है। टीम ने अपने स्तर पर उसके परिवार को ढूंढने का प्रयास किया।

अंडरपास को लेकर भूख हड़ताल पर बैठेंगे नरेश

उकलाना। उकलाना में अंडरपास की मांग को लेकर चल रहे धरने को समर्थन देने के लिए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरपाल सेलवाल सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता व नागरिक धरनास्थल पर पहुंचे। इस अवसर पर हरपाल सेलवाल ने कहा कि अंडरपास की मांग सिरसा सांसद कुमारी शैलजा के समक्ष रखी जाएगी, ताकि आसपास के अनेक गांवों को होने वाले नुकसान से बचाया जा सके। कांग्रेस कार्यकर्ता नरेश पहलवान ने घोषणा की यदि अंडरपास को लेकर सरकार ने शीघ्र कोई ठोस कदम नहीं उठाया तो वे दो दिन बाद भूख हड़ताल पर बैठेंगे।

कैबिनेट मंत्री ने आजाद नगर में सम्मान समारोह में की शिरकत

धार्मिक आयोजन समाज में आपसी भाईचारे को देते हैं बढ़ावा

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने शनिवार को आज़ाद नगर में बीडीसी चेयरमैन अजय गावड़ द्वारा आयोजित सम्मान समारोह एवं जनप्रतिनिधि-कार्यकर्ता मिलन समारोह में शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रवासियों को संबोधित करते हुए संगठन की मजबूती और सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को धरातल पर प्रभावी ढंग से लागू करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष आशा खेदड़, पूर्व चेयरमैन सतबीर वर्मा, ज़िला परिषद एवं ब्लॉक समिति के जनप्रतिनिधियों सहित विभिन्न गांवों के सरपंच उपस्थित रहे। इसके उपरांत कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने गांव मंगाली में गुरु जम्भेश्वर मंदिर परिसर में आयोजित जाम्भवाणी समारोह में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने नव-निर्मित धर्मशाला का विधिवत उद्घाटन किया। मंत्री ने कहा कि ऐसे धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन समाज में नैतिक मूल्यों को सुदृढ़ करते हैं तथा आपसी भाईचारे और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने गुरु जम्भेश्वर जी के विचारों तथा समाज सेवा के संदेश को आत्मसात करने की अपील करते हुए कहा कि सरकार विकास के साथ-साथ सामाजिक व सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के लिए भी प्रतिबद्ध है।

हिसार । कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा।

योग को दैनिक अभ्यास के रूप में जोड़ने का छात्रों ने लिया संकल्प

■ शहीद भगतसिंह विद्यालय में सूर्य नमस्कार कैंप का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौंद

आयुष विभाग की योग सहायक दलशेर आर्य और राहुल योगी द्वारा गांव कापड़ो के शहीद भगतसिंह विद्यालय में सूर्य नमस्कार कैंप आयोजित किया गया। जिसमें विद्यार्थियों को मंत्रोच्चारण के साथ योग क्रियाएं सिखाई और सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया। इसके साथ ही योग को जीवन-शैली में दैनिक अभ्यास के रूप में जोड़ने का संकल्प करवाया। राहुल योगी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम ही नहीं है। योग हमारे मन को एकाग्र करता है। दलशेर आर्य ने शिक्षकों से भी आग्रह किया कि वो योग से अवश्य जुड़ें ताकि खुद का और विद्यार्थियों का जीवन उच्च कोटि का बना सकें। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक अमित कुमार, अनिल कुमार, पवन कुमार, राममेहर आर्य, कोच नरेंद्र गोयत, प्रियंका, मंजीता रानी, रीमन, मोनिका, भतेरी, अंजू रानी, सुदेश कुमारी, ऋतु आदि मौजूद थे।

नारनौंद । गांव कापड़ो के स्कूल में योग करवाते योग सहायक दलशेर आर्य।

पहले बीपीएल राशन कार्ड काटे, अब पेंशन पर चलाई आरी : राजेन्द्र सोरखी

हांसी । आदमी पार्टी ने प्रदेश सरकार द्वारा एक के बाद एक लिए जा रहे जन विरोधी फैसलों पर चिंता जताते हुए इन फैसलों को तुरंत वापिस लेने की मांग की है। पार्टी का आरोप है कि प्रदेश सरकार ने जन विरोधी फैसले लेते हुए पहले बीपीएल राशन कार्ड काटे और अब पेंशन पर आरी चलाई है।

पार्टी के जिला हांसी के अध्यक्ष राजेन्द्र सोरखी ने कहा कि भाजपा ने गत विधानसभा चुनावों से पहले लाखों हरियाणा वासियों के पीले व गुलाबी राशन कार्ड बना दिए और बदले में भोली-भाली जनता से वोट लेकर सत्ता हथिया ली। सत्ता में आते ही जिन गरीब व जरुरतमंद लोगों के कार्ड बनाये थे, उन पर कुठाराघात करते हुए धीरे-धीरे लाखों कार्ड काट दिए। ऐसे लोगों से उनका हक छीन लिया गया। दोबारा कार्ड बनवाने के लिए लोग कार्यालयों के चक्कर काटते रहे परंतु कहीं कोई सुनवाई नहीं की गई। सरकार ने एक तरह से गरीबों के मुंह से निवाला छीनने का काम किया। हाल में प्रदेश सरकार ने वृद्धों के सम्मान में चलाई गई पेंशन योजना पर आरी चलाने का काम किया है। ओछे हथकंडों के जरिये लोखों लोगों की पेंशन बंद रह दी है। ऐसा करके भाजपा सरकार ने असहाय व जरुरतमंद लोगों की हाय लेने का काम किया है। उन्होंने सरकार से मांग की कि अपने जन विरोधी फैसलों पर पुर्नविचार करके उन्हें वापिस ले ताकि जनता आराम से गुजर-बसर कर सके।

नाखून फिर बढ़ गए का किया विमोचन

■ अपने दिल की सुनी और काव्य संग्रह नाखून फिर बढ़ गए की रचना हो गई : डॉ. कुमार

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

प्रसिद्ध बोनसाई विशेषज्ञ व भूदृश्य परामर्शक डॉ. विवेक कुमार के काव्य संग्रह नाखून फिर बढ़ गए का विमोचन शहर में पूरी गरिमा के साथ किया गया। इस विमोचन समारोह में विभिन्न साहित्यकारों ने काव्य संग्रह नाखून फिर बढ़ गए के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस समारोह से पूर्व मिडटाउन ग्रैंड में पत्रकारों से वार्ता करते हुए डॉ. विवेक कुमार ने पुस्तक की रचना के संदर्भ में कई अनछुए पहलुओं से रूबरू करवाया। डॉ. विवेक कुमार ने बताया कि पेड़-पौधे, फूल और समस्त हरियाली उन्हें आकर्षित करती है। इन सबके बीच में उन्हें असीम आनंद की अनुभूति होती है। इसलिए उन्होंने पेड़-पौधों व फूलों को ही जीवन का अहम हिस्सा बना लिया है। इसके साथ ही बोनसाई वृक्ष उन्हें खूब आकर्षित करते हैं। इसलिए उनके पास बोनसाई की अदभुत श्रृंखला देखी जा सकती है। अब एक कदम और बढ़ाते हुए उन्होंने अपना काव्य संग्रह नाखून फिर बढ़ गए प्रकाशित करवाया है।

डॉ. विवेक कुमार ने बताया कि नाखून फिर बढ़ गए उनकी पहली पुस्तक है। उन्होंने बताया कि जीवन के अलग-अलग अनुभवों को इस पुस्तक में कविता के रूप में संजोया गया है। कभी किसी की अच्छाई ने प्रभावित किया तो कभी समाज की कोई चुभने वाली बात उभरकर सामने आ गई।

हिसार । काव्य संग्रह नाखून फिर बढ़ गए का विमोचन करते डॉ. शमीम शर्मा, डॉ. मनोज छाबड़ा व डॉ. विवेक कुमार।

ये रहे उपस्थित

विमोचन समारोह में समाजसेवी राकेश अग्रवाल, डॉ. अपर्णा विवेक, सरला रवींद्र, जगदीप भार्गव, डॉ. आरके जैन, डॉ. सुनीता जैन, डॉ. आशा क्वात्रा, डॉ. सुरेंद्र पाहुजा, डॉ. अजय शारदा, डॉ. संजय शर्मा, रुबिका खेड़ा, वेद प्रकाश आदि उपस्थित रहे।

बसंत पंचमी पर मीठे चावल का प्रसाद किया वितरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

श्री रामलीला कमेटी कटला ने ज्ञान और विद्या की देवी मां सरस्वती की आराधना करते हुए बसंत पंचमी पर श्रद्धालुओं में मीठे चावल का प्रसाद वितरित किया। पड़ाव चौक पर स्टॉल लगाकर प्रसाद वितरण का कार्य किया गया। श्री रामलीला कमेटी कटला के प्रधान विनोद गुप्ता व सचिव ललित गोयल ने बताया कि कमेटी धार्मिक व सामाजिक सरोकारों से जुड़ी हुई है। इसलिए निरंतर जनहित के कार्य किए जाते हैं।उन्होंने बताया कि बसंत पंचमी पर काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने मीठे चावल का प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर अनूप बिंदल, विनोद कंसल, कमल किशोर, जनकराज गुप्ता, चंद्रभान सोनी, राकेश अग्रवाल, अश्वनी शर्मा, राधेश्याम अग्रवाल, प्रशांत अग्रवाल, सुनील कुमार, प्रवीन गुप्ता, वीरभान बंसल, दिनेश जैन व अनिल महाजन सहित काफी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

बेटियों को सम्मान देने की जरूरत : साध्वी

■ दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की ओर से गांव लाडवा में चार दिवसीय शिव कथा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की ओर से गांव लाडवा में चल रही चार दिवसीय शिव कथा के दूसरे दिन साध्वी दिवेश भारती ने मां पार्वती जन्म प्रसंग सुनाया। उन्होंने कहा कि प्राचीन समय में किस प्रकार पुत्री प्राप्ति के लिए प्रभु से प्रार्थना की जाती थी। हिमवान ने पुत्री प्राप्ति के लिए मां भगवती को प्रसन्न करने के लिए कठोर तपस्या की, किंतु आज भारत देश में जहां एक ओर नारी को देवी कहा जाता है वहीं इस नारी को जन्म देने से पूर्व ही गर्भ में मार दिया जाता है। लिंग जांच करवाने के विरुद्ध सरकार द्वारा कड़ा नियम बनाने पर भी आए दिन हमें ऐसी घटनाएं देखने और सुनने को मिलती हैं, जिसमें लिंग जांच करवाकर पता लगाया जाता है कि गर्भ में पल रहा भ्रूण बेटी है या बेटा। बेटी होने पर उसको गर्भ में ही मरवा दिया जाता है। आज नारी हर क्षेत्र में आगे है, चाहे वह सामाजिक सेवा का क्षेत्र हो या चिकित्सा विभाग, राजनीतिक क्षेत्र हो या आर्मी, नेवी, एयरफोर्स जैसे सुरक्षा दलों में अपनी सेवा अर्पित करना है। नारी हर क्षेत्र में अपनी शक्ति का परिचय दे रही है। तब भी हम अपनी छोटी सोच के कारण अपनी बेटियों को अपने घरों में क्या, अपने दिलों में हम वह स्थान नहीं दे पाते जो देना चाहिए। आशुतोष महाराज का कथन है कि अगर हम इस भेदभाव को समाज से समाप्त करना चाहते हैं तो आवश्यकता है मानव के हृदय में ब्रह्म ज्ञान को प्रकट करने की ओर से संतुलन नामक एक प्रकल्प चलाया जा रहा है जिसमें नारी के प्रति समाज में बढ़ रहे अपराध जैसे लैंगिग, हिंसा, दहेज हत्या, उच्च मातृ बालविवाह,आदि अपराधों को कैसे समाप्त किया जा सकता है।

हिसार । शिव कथा में प्रवचन देते हुए साध्वी दिवेश भारती।

99 अंक लेने वाली वंशिका सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

नामदेव धर्मशाला में हर वर्ष की भांति इस बार भी बसंत पंचमी का पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। नामदेव चैरिटेबल ट्रस्ट एवं सभा की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता ट्रस्ट के चेयरमैन मास्टर प्रताप सिंह वर्मा ने की व मंच का संचालन विनोद रोहिल्ला ने किया। समारोह में हिसार मंडल के सिंचाई विभाग के एसई सुनील वर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि ने दसवीं कक्षा की परीक्षा में 99 फीसद अंक लेने वाले वंशिका पुत्री संदीप वर्मा को विशेष रूप से सम्मानित किया और उज्जवल भविष्य की कामना की।

हिसार । कार्यक्रम में सम्मान प्राप्त करती छात्रा वंशिका।

जिला-स्तरीय प्रदर्शनी में भावना प्रथम

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

आईजी राजकीय महाविद्यालय, टोहाना में आयोजित अंतर-जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में गुरु गोरखनाथ राजकीय महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। महाविद्यालय की सात टीमों ने विभिन्न विषयों में भाग लिया, जिनमें से पांच मॉडलों ने प्रथम स्थान तथा *दो मॉडलों ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया। महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी प्रो.मनोज कुमार ने बताया कि प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में भावना, सिमरन,हिमांशी, विजेता, अरमान नैन, अनीता, नवीन, अंकित, रजत जाला व अंकित तथा द्वितीय स्थान प्राप्त करने वालों में कृषिता, सुनील, महेश कुमार तथा हेमंत शामिल है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विवेक कुमार सैनी एवं उप-प्राचार्य डॉ. राजेन्द्र सेवदा ने कहा कि इस प्रकार की वैज्ञानिक एवं शैक्षणिक प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में अनुसंधान प्रवृत्ति, नवाचार, तार्किक सोच और समस्या समाधान क्षमता को सुदृढ़ करती हैं, जो उन्हें भविष्य के लिए सक्षम बनाती हैं।

हिसार। विजेता विद्यार्थियों के साथ प्राचार्य डॉ. विवेक सैनी व अन्य।

छात्राएं अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें : डॉ. सांगा

हिसार । राजकीय महिला महाविद्यालय में 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. सतबीर सिंह सांगा की अध्यक्षता में आयोजित यह कार्यक्रम मतदाता पहचान पत्र समिति, राष्ट्रीय स्वयं योजना और लोक प्रशासन विभाग के सयुक्त तत्वाधान में किया गया। इस वर्ष राष्ट्रीय मतदाता दिवस की थीम 'मेरा भारत, मेरा वोट' निर्धारित की गई है, जिसका उद्देश्य लोकतंत्र को सशक्त बनाते हुए नागरिकों, विशेषकर युवाओं में मतदान के प्रति जागरूकता एवं सक्रिय सहभागिता को प्रोत्साहित करना है। महाविद्यालय में छात्राओं और कर्मचारियों को लोकतंत्र और मतदान के प्रति शपथ दिलाई गई। प्राचार्य डॉ. सतबीर सिंह सांगा ने थीम 'मेरा भारत, मेरा वोट' पर छात्राओं को अपना वोट देने पर प्रेरित किया। मीडिया प्रभारी डॉ. वसुंधरा ने बताया कि छात्राओं के लिए महाविद्यालय में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

रिपोर्टिंग में अनावश्यक देरी अब नहीं होगी स्वीकार्य : सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के प्रबंध निदेशक विक्रम सिंह ने भविष्य में सभी रिपोर्ट निर्धारित समय-सीमा के भीतर प्रस्तुत करने के कड़े निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि रिपोर्टिंग में किसी भी प्रकार की अनावश्यक देरी अब स्वीकार्य नहीं होगी तथा इसके लिए संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी।

प्रबंध निदेशक ने निर्धारित समय पर रिपोर्ट प्रस्तुत न किए जाने पर गहरी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने बताया कि प्रातः रिपोर्ट मांगी गई थी, लेकिन देर शाम तक भी पूर्ण रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई, जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। इस संबंध में निदेशक (ऑपरेशन) विपिन गुप्ता को विशेष रूप से निर्देशित किया गया है कि यदि कोई अधिकारी समय पर रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं करता है, तो इस पर त्वरित संज्ञान लिया जाए। प्रबंध निदेशक ने शाखाओं को अपनी कार्यप्रणाली में तत्काल सुधार लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों कहा कि यह एक स्थायी निर्देश है कि वर्षा, आंधी अथवा किसी भी प्रकार के व्यवधान की स्थिति में उसी दिन सायं तक विस्तृत रिपोर्ट अनिवार्य रूप से प्रस्तुत की जाए। यदि किसी क्षेत्र में विद्युत लाइनें बाधित रहती हैं, तो उनकी मरम्मत की स्थिति एवं प्रगति रिपोर्ट अगले दिन दोपहर तक उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।

समस्या अंडरपास बनाने से कॉलोनीवासियों को मिलेगी राहत

कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा से मिले क्षेत्रवासी व पार्षद

शहर के एल-91 रेलवे फाटक पर अंडरपास बनाने की उठी मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

डाबड़ा चौक से निरंकारी भवन होते हुए संत नगर, एकता नगर, उपकार कॉलोनी, बड़वाली ढाणी, महावीर कॉलोनी, चन्दू लाल गार्डन, शांति नगर, कुंज लाल गार्डन व राजीव नगर की ओर जाने वाले मार्ग पर तेल डिपो एल-91 फाटक पर अंडरपास बनाए जाने की मांग को लेकर शनिवार को बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी अपने पार्षदों के साथ कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा से मिले।

पूर्व चेयरमैन सतबीर वर्मा, पार्षद रवि सैनी, हरिसिंह सैनी, भीम महाजन के नेतृत्व में मिले प्रतिनिधिमंडल ने कैबिनेट मंत्री को बताया कि संत नगर, एकता नगर, उपकार कॉलोनी, बड़वाली ढाणी, महावीर कॉलोनी, चंदू लाल गार्डन, शांति नगर, कुंज लाल गार्डन व राजीव नगर में लगभग 50 हजार के करीब आबादी रहती है। इन कॉलोनी के दूसरी तरफ कैंप चौक से सब्जी मंडी चौक पर पहले से ही ओवरब्रिज बना हुआ है। रास्ता बहुत संकरा होने के कारण तेल डिपो एल-91 फाटक रोड़ पर ओवरब्रिज बनने से इन सभी के रास्ते बंद हो जाएंगे। इस कारण इन क्षेत्रों में फायर ब्रिगेड, एम्बुलेंस व अन्य एमरजेंसी वाहन नहीं पहुंच पाएंगे। अनेक प्रकार की समस्याएं उत्पन्न होंगी। इसलिए इस क्षेत्र में एल-91 रेलवे फाटक पर अंडरब्रिज बनाया जाए ताकि लगभग 50 हजार आबादी वाले क्षेत्र वासियों की समस्या का समाधान हो सके। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि मौके पर फिजिबिलिटी जांच कर स्थानीय लोगों के हित में अंडर पास बनाया जाए।

हिसार। अंडरपास की मांग को लेकर कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा से मुलाकात करते नागरिक।

दयानंद कॉलेज के छात्रों ने जीते स्वर्ण तथा रजत पदक

हिसार । गुरु गोरखनाथ जी राजकीय महाविद्यालय में आयोजित इंटर कॉलेज स्टेट रेसलिंग चैम्पियनशिप (पुरुष एवं महिला) में दयानंद कॉलेज के बी.कॉम. द्वितीय वर्ष के छात्र गुलशन ने 60 किलोग्राम भार वर्ग ग्रीको रोमन में तृतीय स्थान प्राप्त करते हुए ब्रांज मेडल हासिल किया। बीएएमसी द्वितीय वर्ष के छात्र नीरज ने फ्रीस्टाईजल 57 किलोग्राम भार वर्ग में द्वितीय स्थान तथा 55 किलोग्राम भारवर्ग ग्रीको रोमन में शानदार प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त कर सिल्वर मैडल जीता।

ग्राम पंचायत जेवराखंड बरवाला (हिसार)
नीलामी सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गांव जेवरा में पशु अस्पताल व विकास केन्द्र भवन के मलबे व चमार चौपाल की खुली बोली नीलामी दिनांक 28-01-2026 को सुबह 12 बजे राजकीय उच्च विद्यालय जेवरा में होगी। बोली दाता को पचास हजार रूपए सिक्योरिटी जमा करवानी होगी। अन्य शर्तें मौके पर सुनाई जाएगी।
सरपंच, श्रीमती एकता ग्राम पंचायत, जेवरा (हिसार) मो 94677 04691

खबर संक्षेप

स्मॉल वंडर स्कूल में मनाया गणतंत्र दिवस

हिसार। सेक्टर-15 स्थित स्मॉल वंडर स्कूल में 77वां गणतंत्रत दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। विद्यार्थियों ने संविधान निर्माता भीमराव अंबेडकर व स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उनके बलिदान व त्याग को याद करते हुए उन्हें पुष्प अर्पित किए। विद्यालय में प्राचार्या तरुणा कुहाड़ द्वारा ध्वजारोहण किया गया। बच्चों ने देशभक्ति गीतों कविताओं व नाटकों के द्वारा अपनी देशभक्ति व्यक्त की। कुहाड़ ने गणतंत्रत दिवस का महत्व समझाया कि यह दिन हमें संविधान के मूल्यों को समझने का अवसर देता है यह दिन हमें समानता, स्वतंत्रता और त्याग का महत्व सिखाता है और यह दिन हमें देश के प्रति अपने कत्रव्यों की याद दिलाता है।

जरुरतमंद कन्या के विवाह में की मदद

हिसार। जयश्री श्याम मंडल ने अपने सेवा कार्यों की कड़ी में एक और सेवा कार्य किया है। मंडल के प्रधान हुनेश्वर गोस्वामी ने बताया कि मंडल की ओर से एक जरुरतमंद कन्या के विवाह में अलमारी का योगदान दिया गया। मंडल के कोषाध्यक्ष गोबिंद असीजा व उपप्रधान राजेश शर्मा ने कन्या के अभिभावकों को अलमारी की राशि सौंप दी। कन्या के परिवारजनों ने मंडल का आभार व्यक्त किया है।

नेताजी की जयंती पर हुआ कार्यक्रम

हिसार। श्री कृष्णा श्री श्री 1008 बाबा सिद्धनाथ गौशाला समिति बालक द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर भव्य सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश महामंत्री हरियाणा सुरेन्द्र पूनिया, कृषि मंत्री हरियाणा सरकार श्याम सिंह राणा के पुत्र नेपाल राणा व डिंपल राणा, कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा के सुपुत्र सुरेन्द्र गंगवा, हिसार भाजपा जिला अध्यक्ष आशा खेदड़ तथा पूर्व मंत्री अनूप धानक ने विशेष रूप से शिरकत की।

राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर छात्रों को दिलवाई शपथ

बरवाला। राजकीय महाविद्यालय बरवाला में राष्ट्रीय मतदाता दिवस बड़े उत्साह एवं जागरूकता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में विद्यार्थियों को लोकतांत्रिक व्यवस्था में मतदान के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य अनूप ढांडा द्वारा की गई।

राष्ट्रीय महानायक सभा ने मनाई बोस की जयंती

हांसी। राष्ट्रीय महानायक सम्मान सभा भारत के तत्वावधान में क्रांतिकारी नेताजी सुभाषचंद्र बोस चौक पर नेताजी सुभाषचंद्र बोस की 129वीं जयंती मनाई गई। समारोह की अध्यक्षता नेताजी सुभाषचंद्र बोस चौक निगरानी कमेटी के अध्यक्ष विजेंद्र जांगड़ा ने की। समारोह में 14 महार रेजिमेंट के सैनिक उमेद सिंह सोनी, सूबेदार जोगीराम, सूबेदार महीपाल, कृष्ण यादव फौजी, भरत सिंह ने नेताजी सुभाष चन्द्र को सलामी दी।

फाइनल रिहर्सल में डीसी ने ध्वजारोहण कर परेड का किया निरीक्षण

राजकीय कॉलेज में मनाया जाएगा जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह

स्कूली विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हिसार। गणतंत्र दिवस समारोह की फाइनल रिहर्सल के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियां देते स्कूली विद्यार्थी।

गणतंत्र दिवस इस बार कहां मनाया जाएगा। इसको लेकर पिछले कई दिनों से छाए हुए सशंय के बादल छट गए है। मानसून सीजन में हुए जलभराव के कारण महाबीर स्टेडियम में बिगड़े हालातों को देखते प्रशासन ने इस बार गुरु गोरखनाथ राजकीय महाविद्यालय में जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह मनाने का अंतिम निर्णय लिया है। इस बार शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ध्वजारोहण करेंगे। उधर, गणतंत्र दिवस समारोह की फाइनल रिहर्सल में शनिवार को उपायुक्त महेंद्र पाल ने ध्वजारोहण कर परेड का निरीक्षण किया। गुरु गोरखनाथ राजकीय महाविद्यालय में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह की फाइनल रिहर्सल के दौरान उन्होंने डीएसपी प्रिया की अगुवाई में निकाली गई परेड की सलामी ली, परेड में जवानों द्वारा अनुशासन, समर्पण एवं राष्ट्रभक्ति का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन व जिला नगर आयुक्त नीरज भी उपस्थित थे। फाइनल रिहर्सल के दौरान उपायुक्त महेंद्र पाल व पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने सबसे पहले लघु सचिवालय के समीप शहीद स्मारक पर पहुंचे और यहां उन्होंने वीर शहीदों को नमन किया। इसके पश्चात उपायुक्त महेंद्र पाल ने निर्धारित समय पर ध्वजारोहण किया और परेड का निरीक्षण किया। कार्यक्रम के दौरान स्कूली विद्यार्थियों ने सूर्य नमस्कार का प्रदर्शन किया। तत्पश्चात विभिन्न स्कूलों की टीमों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। फाईनल रिहर्सल में हरियाणा पुलिस, महिला पुलिस व होमगार्ड के जवानों ने डीएसपी प्रिया के नेतृत्व में शानदार परेड का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर जिला नगर आयुक्त नीरज, नगर निगम अतिरिक्त आयुक्त शालिनी चेतल, नगराधीश हरिराम सहित अन्य विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, शिक्षक व स्कूलों के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

नारनौंद में छात्रों ने की फाइनल रिहर्सल

नारनौंद। गणतंत्र दिवस को लेकर प्रशासन की तरफ से सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। इसी को लेकर शहर की अनाज मंडी में फाइनल रिहर्सल की गई। इसमें स्कूली छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया और पुलिस ने सलामी देकर परेड की गई। गणतंत्र दिवस पर विधायक विनोद भयाना तिरंगा झंडा लहराने के लिए पहुंचेंगे। खराब मौसम को देखते हुए प्रशासन द्वारा अबकी बार गणतंत्र दिवस का कार्यक्रम शहर की अनाज मंडी में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में हरियाणा पुलिस द्वारा परेड करके सलामी दी जाएगी। कार्यक्रम में नारनौंद के स्कूल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, टैगोर सीनियर सेकेंडरी स्कूल, उपासना सीनियर सेकेंडरी स्कूल, होली फील्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सृष्टि इंटरनेशनल स्कूल मोठ, एसबीएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल माढ़ा, आरोही सीनियर सेकेंडरी स्कूल खेड़ी जालब की छात्राएं सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करेंगी।

जेसीआई चौक पर फहराया 105 फीट ऊंचा तिरंगा

गणतंत्र दिवस से पहले शहर में निकाली तिरंगा यात्रा

हांसी। जेसीआई चौक पर तिरंगा फहराने के बाद मौके पर मौजूद विधायक विनोद भयाना व अन्य।

हांसी। जींद चुंगी के समीप स्थित जेसीआई चौक पर शनिवार को गणतंत्र दिवस से दो दिन पहले 105 फुट ऊंचे ध्वज दंड पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। इससे पूर्व शहीद स्मारक से जेसीआई चौक तक तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस तिरंगा यात्रा में विभिन्न स्कूलों के 1800 विद्यार्थियों, शिक्षकों व सामाजिक संगठनों के सदस्यों सहित सैकड़ों की संख्या में शहरवासियों ने भाग लिया। तिरंगा यात्रा के दौरान स्कूली विद्यार्थियों ने हाथों में तिरंगा लिए भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों से पूरा शहर देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। यात्रा का समापन के पश्चात विधायक विनोद भयाना ने 105 फूट ऊंचे ध्वज दंड पर तिरंगा फहराया। इस अवसर पर विधायक विनोद भयाना ने कहा कि तिरंगा हर भारतीय के दिल में विशेष स्थान रखता है। और यह हर भारतीय के लिए उसके मान, सम्मान व अभियान का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि 16 दिसंबर को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा हांसी को जिला बनाए जाने के बाद यह पहला गणतंत्र दिवस है और गणतंत्र दिवस से पूर्व 105 फूट ऊंचे तिरंगे की स्थापना शहरवासियों के लिए गर्व का विषय है।

गणतंत्र दिवस समारोह से पूर्व हांसी पुलिस ने की फाइनल रिहर्सल

हांसी। गणतंत्र दिवस के पावन अवसर को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं गरिमामय ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से हांसी पुलिस द्वारा तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने गणतंत्र दिवस समारोह के लिए लगाई गई ड्यूटियों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने शहीद स्मारक पर पहुंचकर देश की स्वतंत्रता व अखंडता के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले वीर शहीदों को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके पश्चात राजकीय महाविद्यालय के परेड ग्राउंड में आयोजित रिहर्सल कार्यक्रम में उपायुक्त राहुल नरवाल के साथ पुलिस वाहन में बैठकर परेड का निरीक्षण किया गया। इस रिहर्सल परेड में पुलिस की कुल तीन टुकड़ियों ने भाग लिया, जिनमें दो पुरुष कर्मियों टुकड़ियां तथा एक महिला पुलिस की टुकड़ी शामिल रही। इसके अतिरिक्त होमगार्ड की एक टुकड़ी तथा विभिन्न विद्यालयों के एनसीसी कैडेट्स ने भी हिस्सा लिया।

डॉ. रजत ने नीट की सुपर स्पेशलिटी परीक्षा में ऑल इंडिया स्तर पर पाया 19वां रैंक

- डॉ. सैनी का सपना, आम आदमी फर्स्ट स्टेज पर करवा सके कैंसर का इलाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

अर्बन एस्टेट निवासी डॉ. रजत सैनी ने नीट की सुपर स्पेशलिटी परीक्षा में ऑल इंडिया स्तर पर 19वां रैंक हासिल किया है। इस उच्च प्रदर्शन से डॉ. रजत सैनी का एशिया के सबसे बड़े कैंसर संस्थान टाटा मेमोरियल सेंटर, मुंबई में डीएम मेडिकल ऑन्कोलॉजी में प्रवेश प्राप्त होगा। डॉ. रजत सैनी भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं समाजसेवी रतन सैनी के पुत्र हैं। उनकी माता सुमित्रा गृहिणी हैं और दादा राम सिंह सैनी बिजली निगम से सेवानिवृत्त कर्मचारी हैं। डॉ. रजत सैनी की आरंभिक पढ़ाई महावीर कॉलोनी में हुई और इसके बाद संत कबीर स्कूल से पढ़ाई की। पढ़ाई के साथ-साथ ही उसने नीट की तैयारी शुरू कर दी थी और उसके बाद एमबीबीएस वीएमएमसी सफदरजंग अस्पताल, नई दिल्ली और एमडी (इंटरनल मेडिसिन) एबीवीआईएमएस- डॉ. आरएमएल अस्पताल, नई दिल्ली से की है।

हिसार। डॉ. रजत सैनी को आशीर्वाद देते परिजन। फोटो : हरिभूमि

घर में खुशी का माहौल

डॉ. रजत के पिता रतन सैनी ने बताया कि बेटे की इस उपलब्धि से घर में बहुत बड़ी खुशी आई है। उसने यह रैंक हासिल कर हिसार व हरियाणा प्रदेश का नाम रोशन किया है। उन्होंने बताया कि डॉ. रजत सैनी बचपन से ही पढाई में अव्वल रहा है और उसने अपना टारगेट टॉप संस्थान में सुपर स्पेशलिटी मेडिकल ऑन्कोलॉजी में करने का माइंड सेट कर लिया था।

उकलाना में प्रवेश की हर सड़क टूटी

- सड़क सही न होने से लोगों को हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उकलाना

शहर में इन दिनों हालात ऐसे बन गए हैं कि शहर में प्रवेश करना ही लोगों के लिए सबसे बड़ी चुनौती बन चुका है। सिरसा-चंडीगढ़ रोड पर ओवरब्रिज निर्माण के कारण जहां मुख्य मार्ग पहले से ही अवरुद्ध है, वहीं शहर की ओर आने वाले वैकल्पिक रास्ते भी एक-एक कर खोदे जा रहे हैं, जिससे आमजन का आवागमन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। बुढ़ाखेड़ा की ओर से आने वाला सड़क मार्ग लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्माण के नाम पर पूरी तरह उखाड़ दिया गया है। इसके साथ ही बस स्टैंड से मदनपुर की ओर जाने वाला मार्ग जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा पाइपलाइन बिछाने के कारण खोद दिया गया है। पाइपलाइन का कार्य जारी है, लेकिन वैकल्पिक व्यवस्था न होने से राहगीरों, वाहन चालकों और दुकानदारों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है।

उकलाना। खस्ताहाल मार्ग से आवागमन करते लोग। फोटो : हरिभूमि

दुर्घटना का बना खतरा

इतना ही नहीं, बस स्टैंड से आर्य महाविद्यालय की ओर जाने वाला रास्ता, जो पूरी तरह अच्छी हालत में था, उसे भी सड़क निर्माण के नाम पर उखाड़ दिया गया है। वहीं दूसरी ओर महाराजा अग्रसेन द्वार निर्माण के चलते एक और मार्ग को बंद कर दिया गया है। परिणाम यह है कि उकलाना में आने-जाने के लिए अब कोई सुगम रास्ता शेष नहीं बचा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पैदल चलना तक मुश्किल हो गया है, बुजुर्ग, महिलाएं और स्कूली बच्चे सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। बारिश के चलते हालात और भी बदतर हो चुके हैं। कीचड़, गड्ढे और फिसलन से दुर्घटना का खतरा बना हुआ है।

हिसार। हवन में आहुति डालते डायरेक्टर हरिपाल पिलानिया व अन्य।

विजडम स्कूल में हवन के साथ मनाई बसंत पंचमी

हिसार। विजडम स्कूल में बसंत पंचमी के पावन अवसर हवन के साथ मां सरस्वती की अर्चना की गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्या नीलम पिलानिया और डायरेक्टर हरिपाल पिलानिया ने यज्ञ में आहुति डालकर बसंत ऋतु का स्वागत किया। बसंत पंचमी को वसंत ऋतु के आगमन के रूप में मनाया जाता है। यह पर्व ज्ञान और विद्या की देवी सरस्वती की पूजा के लिए भी समर्पित है। इस दिन लोग पीले रंग के वस्त्र पहनते हैं और पीले रंग के फूलों की पूजा करते हैं। स्कूल के प्रधानाचार्य नीलम पिलानिया ने कहा कि बसंत पंचमी का त्योहार हमें प्रकृति के साथ जुड़ने और ज्ञान की पूजा करने का संदेश देता है। यह पर्व हमें जीवन में आगे बढ़ने और ज्ञान प्राप्त करने के लिए प्रेरित करता है।

भाजपा सरकार के खिलाफ बोलने से पहले गिरेबान में झांकें हुड्डा

हुड्डा शासन के भ्रष्टाचार व अन्याय को भूली नहीं प्रदेश की जनता : बिश्नोई

- हुड्डा शासन में युवाओं के हितों पर कुठाराघात होने की बात कही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद कुलदीप बिश्नोई ने विपक्ष के नेता भूपेन्द्र हुड्डा के उन आरोपों को हास्यास्पद बताया है, जिसमें उन्होंने हरियाणा की भाजपा सरकार को घोटाले, महंगाई व वादाखिलाफी की सरकार बताया है। उन्होंने कहा कि हुड्डा को ऐसे बयान देने से पहले अपने शासनकाल में हुए घोटालों व भ्रष्टाचार को याद कर लेना चाहिए कुलदीप बिश्नोई ने कहा कि भूपेन्द्र हुड्डा ने मुख्यमंत्री का पदभार संभालते ही एसईजैड के नाम पर किसानों की जमीन कौड़ियों के भाव हथियाने का जो सिलसिला शुरू किया था वो उन्होंने 10 वर्षों तक लगातार चलाए रखा। यही कारण है कि हुड्डा को आज भी सपने में किसानों की जमीनें ही दिखती है। उनके शासनकाल को भू-माफिया के रूप में हरियाणा की जनता याद करती है।

कुलदीप बिश्नोई।

यही नहीं हरियाणा में जातिवाद की राजनीति, नौकरियों में भ्रष्टाचार व भाई भतीजावाद का श्रेय भी भूपेन्द्र हुड्डा को जाता है। उन्होंने कहा कि हुड्डा शासनकाल के दौरान युवाओं के हितों पर जमकर कुठाराघात हुआ और उन्हें अपना हक नहीं मिला, जिसके चलते अनेक मामले विभिन्न अदालतों में चल रहे हैं और युवाओं को बेवजह नौकरियों से हाथ धोना पड़ा।

निःशुल्क दंत जांच और जागरूकता कैंप लगाया

- 320 बच्चों की मौखिक दांतों की जांच गई
- बच्चों को टुथब्रशिंग का सही तरीका बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

स्माइल फॉर यूथ कार्यक्रम के तहत डॉ. सचिन मित्तल एडवांस डेंटिस्ट्री टीम ने कैंट पब्लिक स्कूल में निशुल्क डेंटल चैकअप एवं जागरुकता कैंप लगाया। कैंप में डॉ. सचिन मित्तल एडवांस डेंटिस्ट्री की टीम से डॉ. मुदिता कोठारी बाहेती और अभिषेक पांडे ने अपनी चिकित्सा सेवाएं दी। इस दौरान करीब 320 बच्चों की मौखिक दांतों की जांच गई, कुछ बच्चों की एआई डेंटल रोबोट मशीन से जांच की गई। कैंट पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल वीरेंद्र ने डेंटल चिकित्सा टीम के अभियान की सराहना की। इस अवसर पर दंत चिकित्सकों ने जागरूक करते हुए कहा कि कम उम्र ही बच्चों में स्वस्थ आदतें विकसित करनी चाहिए ताकि भविष्य में दांतों संबंधी किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने टुथब्रशिंग का सही तरीका बताया और अपने दांतों को स्वस्थ रखने के टिप्स भी दिए।

हिसार से नांदेड़ साहिब के लिए चलेगा विमान, श्रद्धालुओं में खुशी

- रविवार को 3:40 बजे हिसार एयरपोर्ट से रवाना होकर शाम 6:55 बजे नांदेड साहिब पहुंचेगी फ्लाइट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हिसार एयरपोर्ट से रविवार को नांदेड़ साहिब के लिए विशेष विमान श्रद्धालुओं को लेकर जाएगा। हरियाणा सरकार ने हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी की मांग पर हिसार से नांदेड़ साहिब के लिए एक दिवसीय विमान सेवा शुरू की है। यह विमान रविवार को दोपहर 3:40 बजे हिसार एयरपोर्ट से रवाना होकर शाम 6:55 बजे नांदेड साहिब पहुंचेगा।

इस प्रकार रहेगा फ्लाइट का प्लान

एलायंस एयर की तरफ से वेबसाइट पर शनिवार को दी गई फ्लाइट संचालन की जानकारी के अनुसार लगभग सवा तीन घंटे में फ्लाइट महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले में पहुंचेगी। यहां गुरु गोबिंद सिंह हवाई अड्डे से श्रद्धालु श्री हजूर साहिब नांदेड़ गुरुद्वारे जाएंगे। हिसार से नांदेड़ साहिब की दूरी लगभग 1475 किलोमीटर है। फ्लाइट की बुकिंग फुल हो चुकी है। हालांकि बुकिंग फुल होने के बाद इसमें बुकिंग ऑप्शन को हटा दिया गया है। बताया जा रहा है कि हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के अध्यक्ष जगदीश झिंडा समेत कमेटी के अनेक सदस्य इस फ्लाइट को हरी झंडी दिखाने हिसार एयरपोर्ट पर पहुंचेंगे।

मिनिस्ट्रियल स्टाफ के पदों को समाप्त करने की साजिश का करेंगे विरोध

हिसार। सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा से सम्बद्ध हरियाणा मिनिस्ट्रियल स्टाफ एसोसिएशन की राज्य कौर ग्रुप की ऑनलाइन गूगल मीटिंग राज्य अध्यक्ष हितेन्द्र सिहाग की अध्यक्षता में संपन्न किया गया। मीटिंग का संचालन राज्य महासचिव जगमिंद्र सिंह ने किया। जगमिंद्र सिंह ने हरियाणा मिनिस्ट्रियल स्टाफ एसोसिएशन के मांग पत्र पर चर्चा के साथ-साथ सभी विभागों की आंदोलन की रणनीति पर भी चर्चा की। हितेन्द्र सिहाग ने बताया कि एसोसिएशन की है कि आठवीं वेतन आयोग का गठन हो और हरियाणा प्रदेश का अलग से वेतन आयोग हो। उन्होंने कहा कि एसोसिएशन रेशनेलाइजेशन कमीशन की आड़ में मिनिस्ट्रियल स्टाफ के पदों को समाप्त करने की साजिश का डटकर विरोध करेगा।

7 लाख से अधिक कीमत के हैं साइबर सेल द्वारा बरामद किए मोबाइल

पुलिस ने गुम हुए 56 मोबाइल फोन बरामद कर किए मालिकों के हवाले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

जिला पुलिस की साइबर सुरक्षा शाखा द्वारा मोबाइल फोन गुम होने की शिकायतों पर कार्रवाई करते हुए मोबाइल फोन के इएमआई नंबर के आधार पर जांच करते हुए 56 मोबाइल फोन खोज निकाले। साइबर पुलिस द्वारा बरामद किए गए करीब 7 लाख रुपये के गुमशुदा 56 मोबाइल फोन पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने शुक्रवार को असल मालिकों को अपने कार्यालय में बुलाकर कर उनके हवाले किए। मोबाइल फोन बरामद होने के बाद उपस्थित लोगों ने पुलिस का आभार जताया। वहीं मोबाइल फोन ढूंढने में अहम भूमिका निभाने वाली साइबर सेल की टीम की प्रशंसा करते हुए कहा कि साइबर पुलिस ने लगभग 7 लाख रुपए के गुम हुए 56 मोबाइल फोन खोजकर सराहनीय कार्य किया।

हांसी। अपने कार्यालय में लोगों को उनके गुम हुए मोबाइल फोन लौटाते पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन। फोटो : हरिभूमि

लोग मोबाइल फोनों को रखें सुरक्षित

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने कहा कि पुलिस जिला हांसी की साइबर सेल टीम ने मोबाइल गुम होने की शिकायतों पर तत्परता से कार्रवाई करते हुए गुम हुए मोबाइल फोन बरामद कर उनके फोन को असल मालिकों को सौंपे गए है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पुलिस जिला हांसी की साइबर सुरक्षा शाखा में मोबाइल गुम होने की शिकायतें आती रहती है। साइबर सुरक्षा शाखा में तैनात कर्मचारियों ने कड़ी मेहनत व लगन से कार्य करते हुए करीब 7 लाख रुपये के 56 मोबाइल फोन को कुछ ही दिनों में बरामद कर उनके मालिकों को लौटाए दिए। पुलिस ने पिछले वर्ष भी 10 लाख रुपये से अधिक कीमत के 60 मोबाइल फोन बरामद कर उनके मालिकों को लौटाए थे। पुलिस अधीक्षक ने आमजन से भी आह्वान किया कि वे अपने मोबाइल फोन को पूरी तरह सुरक्षित रखें और किसी अनजान व्यक्ति को ना सौंपे ताकि अपराधी किस्म के लोग उनका फायदा न उठा पाए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मोबाइल गुम होने पर तुरंत उसकी सूचना ई दिशा केंद्र में दर्ज कराएं ताकि उसका गलत इस्तेमाल ना हो तथा जल्दी से जल्दी उसे महत्वपूर्ण सुराग जुटाकर ढूंढा जा सके।